# ‘गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान’

## चर्चा में क्यों?

13 अक्टूबर, 2021 को दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित ‘**प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान**’ के शुभारंभ कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मिंटो हॉल, भोपाल से वर्चुअली सम्मिलित हुए।

## प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रगति मैदान दिल्ली से **मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिये** ‘पी.एम. गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान’ का शुभारंभ किया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकास के इस महाअभियान में मध्य प्रदेश पूरी ताकत से जुटेगा। उन्होंने **मध्य प्रदेश को तत्काल पी.एम. गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान से जोड़ने का फैसला** लिया।
- इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने मिंटो हाल में राज्यस्तरीय ‘**कॉन्फ्रेंस ऑन मल्टि इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी**’ का शुभारंभ भी किया।
- ज्ञातव्य है कि **गति शक्ति एक डिजिटल प्लेटफॉर्म** है, जो **एकीकृत योजना और बुनियादी ढाँचा कनेक्टिविटी परियोजनाओं के समन्वित कार्यान्वयन के लिये रेल और सड़क मार्ग सहित 16 मंत्रालयों को एकसाथ लाएगा** । मूलत: गति शक्ति में 200 प्रकार के डाटाबेस होंगे, जिसमें जीआईएस प्राणाली द्वारा **भौतिक सुविधाओं, ज़िला प्रशासन कार्यालयों, रेल, सड़क और गैस लाइनों, स्वास्थ्य और पुलिस जैसी सुविधाओं के साथ जल निकायों, आरक्षित पार्कों तथा वनों जैसे संसाधनों की मैपिंग** की जाएगी।
- इसके माध्यम से विभिन्न केंद्रीय मंत्रालय एवं राज्य सरकारें बेहतर लॉजिस्टिक योजनाओं और कनेविटी से लाभान्वित हो सकेंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gati-shakti-national-master-plan